**टिप्पणी** | वाहन चेकिंग के दौरान होने वाली घटनाओं को लेकर टिप्पणी

# पुलिस-अधिवक्ता कानून के सम्मान का उदाहरण बनें : हाईकोर्ट



**नवभारत, जबलपुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में पुलिस और अधिवक्ताओं की भूमिका पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि दोनों ही न्याय व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। कानून लागू करने वाली पुलिस और उसकी रक्षा करने वाली विधि बिरादरी यदि परस्पर सम्मान, शालीनता और कानून के अनुरूप आचरण करेंगी, तभी न्याय व्यवस्था में जनता का विश्वास मजबूत होगा। जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने यह टिप्पणी ट्रैफिक जांच के दौरान पुलिस कर्मियों पर मारपीट व अभद्रता के आरोप संबंधी याचिका का निराकरण करते हुए की।

न्यायालय ने कहा कि अधिवक्ता केवल पक्षकार के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि न्यायालय के अधिकारी भी हैं। इसलिए उनसे कानून और वैधानिक व्यवस्था के प्रति सर्वोच्च सम्मान की अपेक्षा की जाती है। वहीं पुलिस कर्मियों को भी कानून का पालन कराते समय धैर्य, शिष्टाचार और संयम बनाए रखना चाहिए। ट्रैफिक जांच के दौरान अभद्र भाषा, वाहन की चाबी छीनने या अनावश्यक विवाद जैसी शिकायतें सामने आती रहती हैं। आरोप सही हों या नहीं, इसकी जांच हर मामले में होगी, लेकिन कानून लागू करते समय दृढ़ता के साथ निष्पक्षता और सभ्य व्यवहार भी आवश्यक है। कोर्ट ने एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश देने से इन्कार करते हुए कहा कि शिकायत पहले से वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के समक्ष जांचाधीन है। इसलिए जबलपुर पुलिस अधीक्षक को 13 जुलाई 2026 के अभ्यावेदन पर कानून के अनुसार स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्णय लेने के निर्देश देते हुए याचिका का निराकरण कर दिया।

## जैन साध्वियों को टक्कर मारने वाले को जमानत नहीं, अर्जी वापस लेने की प्रार्थना खारिज

मप्र हाईकोर्ट ने रीवा में तीन जैन साध्वियों को कार से टक्कर मारने के बाद करीब 270 किलोमीटर तक फरार हुए आरोपी रशीद आबाद अली शाह को जमानत से इनकार कर दिया। जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की एकलपीठ में जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने जमानत का कड़ा विरोध किया। कोर्ट के रुख को देखते हुए आरोपी की ओर से अर्जी वापस लेने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने जमानत आवेदन निरस्त कर दिया। दरअसल 20 मई को रीवा कलेक्ट्रेट के सामने तीन जैन साध्वियां सडक़ किनारे पैदल विहार कर रही थीं। तभी तेज रफ्तार कार ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में षुति मति माता की मौके पर मृत्यु हो गई। उपसमिति माता ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि घायल आर्यिका माता का उपचार जारी है। हादसे के बाद आरोपी कार समेत फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज से वाहन की पहचान होने पर पुलिस ने अलर्ट जारी किया। करीब 270 किलोमीटर दूर जबलपुर के बहोरीपार टोल प्लाजा पर बरगी पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वह फिलहाल न्यायिक अभिरक्षा में है। सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह और शासकीय अधिवक्ता अमित पांडे ने घटना की गंभीरता और हादसे के बाद आरोपी के फरार होने का हवाला देते हुए जमानत का विरोध किया।

### सोलह साल बाद वसूली पर हाईकोर्ट की रोक

नरसिंहपुर पुलिस के सिपाही को करीब 16 साल तक निर्धारित वेतन और वेतनवृद्धि देने के बाद विभाग ने वेतन निर्धारण में गलती बताते हुए अधिक भुगतान की राशि वसूलने का आदेश जारी कर दिया। हाईकोर्ट ने नरसिंहपुर के पुलिस अधीक्षक के इस आदेश को निरस्त कर दिया। न्यायालय ने कहा कि वसूली से कर्मचारी के वेतन में कमी होती है और उसके विरुद्ध प्रतिकूल नागरिक परिणाम होते हैं, इसलिए ऐसा आदेश जारी करने से पहले उसे सुनवाई का अवसर देना जरूरी है। कोर्ट ने वसूल की गई राशि, यदि कोई हो, वापस करने के निर्देश भी दिए हैं। दरअसल यह मामला नरसिंहपुर निवासी हीरालाल यादव की ओर से दायर किया गया था। जिसमें आवेदक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के कारण 20 अक्टूबर 1998 को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था।

# नियमित भ्रमण कर आमजन से करें संवाद, समस्या का करें निराकरण

- मुख्यमंत्री जन .विश्वास अभियान की तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा



**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री जन.विश्वास अभियान.2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि जन.विश्वास ही सुशासन और जनकल्याण की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला है। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर आमजन से संवाद करने, उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का समय.सीमा में निराकरण करने पर विशेष जोर दिया।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग को जले हुए ट्रांसफॉर्मरों का समय पर सुधार, निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने तथा बिजली संबंधी शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षा विभाग को विद्यार्थियों को साइकिल और पाठ्यपुस्तकों का समय पर वितरण, मध्याह्न भोजन की व्यवस्था, सांदीपनी विद्यालयों का बेहतर संचालन, नामांकन बढ़ाने, ड्रॉप.आउट रोकने तथा शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कहा। वहीं पुलिस विभाग को लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निराकरण, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की प्रभावी जांच, मुस्कान अभियान का बेहतर संचालन, स्कूल.कॉलेजों के आसपास असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई तथा नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए।

### इन विषयों की भी समीक्षा की गई

इस मौके पर राजस्व विभाग को लंबित नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों का निराकरण करने तथा फार्मर आईडी तैयार कराने के निर्देश भी दिए गए। और महिला एवं बाल विकास विभाग की लाड़ली लक्ष्मी और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा भी कलेक्टर द्वारा की गई। बैठक में जिले की प्रमुख अधोसंरचना परियोजनाओं, विजन डॉक्यूमेंट की प्रगति, उद्योग संवाद, औद्योगिक प्लॉट आवंटन, सिंगल विंडो के लंबित आवेदनों, स्वरोजगार योजनाओं, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक के विद्यार्थियों के रोजगार मेलों, एमएसएमई प्रोत्साहन योजना तथा स्टार्टअप नीति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मुख्यमंत्री जन.विश्वास अभियान को सफ ल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष जाखड़, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार ऑटो पलटा, 4 घायल, डुमना जाते समय हादसा

**नवभारत, जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत सूअर कोल के पास एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार चार युवक घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी चालक मौके पर ही अपना ऑटो छोड़कर रफूचक्कर हो गया। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को विजयनगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज जारी है। हादसा उस वक्त हुआ जब युवक डुमना घूमन जा रहे थे ।

पुलिस के मुताबिक विवेक सिंह ठाकुर निवासी कांचघर का एलएलबी छात्र है। दोपहर करीब वह 12:45 बजे मौसी के लड़के नितिन राजपूत, जतिन राजपूत, विवेक सिंह राजपूत और यश ठाकुर कांचघर से डुमना नेचर पार्क घूमने के लिए निकले थे। सभी ने स्टेशन रोड से ऑटो क्रमांक एमपी 20 जेड एक्स 7137 बुक किया था। विवेक अपनी मोटरसाइकिल से ऑटो के आगे-पीछे चल रहे थे। विवेक के मुताबिक, ऑटो चालक शुरुआत से ही गाड़ी को बेहद तेज रफ्तार और लापरवाही से दौड़ा रहा था। दोपहर करीब 1:30 बजे जैसे ही ऑटो सूअर कोल के थोड़ा पहले पहुँचा, तभी तेज रफ्तार होने के कारण चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। विवेक की आँखों के सामने ही ऑटो सड़क पर पलट गया और उसमें सवार चारों युवक बुरी तरह चीखने लगे। हादसे को देख मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए सभी घायलों को ऑटो से बाहर निकाला। विवेक ने भाई शिवा राजपूत को फोन कर घटना की जानकारी दी और निजी वाहन की मदद से सभी को विजयनगर के मेडीजन अस्पताल पहुँचाया। हादसे में जतिन राजपूत, नितिन राजपूत, यश ठाकुर, विवेक सिंह राजपूत को चोटें आई है। हादसे के बाद आरोपी चालक पकड़े जाने के डर से ऑटो को मौके पर ही छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने शिकायत पर ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## निर्धारित रोस्टर-कैलेंडर का कड़ाई से करें पालन

**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान 2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार 7 अगस्त से 8 जनवरी 2027 तक संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर विकासखण्डवार क्लस्टर एवं विभागीय संयुक्त दलों का गठन किया गया है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सभी विभाग प्रमुखों को अभियान के दौरान निर्धारित रोस्टर एवं कैलेंडर का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# कांवड़ियों के लिए सुगम व सुव्यवस्थित बने मार्ग

- कैंट विधायक ने निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश



**नवभारत,जबलपुर।** आगामी कावड़ यात्रा एवं संस्कार कावड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने जल शोधन संयंत्र, रांझी से गोकुलपुर सतपुला तक के मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मार्ग को शीघ्र ही सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाया जाए, ताकि कांवड़िया बंधुओं को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों से ये भी कहा कि मार्ग पर आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किए जाएं, जिससे श्रद्धालु निर्बाध एवं सुरक्षित रूप से अपनी यात्रा संपन्न कर सकें। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य एवं पार्षद दामोदर सोनी, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सेंगर, पार्षद अनुराग दहिया, पार्षद निशांत झरिया, हेमराज सराठे तथा सुधीर बेन (बंटी रजक) सहित अन्य कार्यकर्ता एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## माल डिब्बों के अनुरक्षण में जबलपुर मंडल की बड़ी उपलब्धि

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल अंतर्गत सतना बीसीएन डिपो ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में माल डिब्बों के अनुरक्षण एवं परीक्षण कार्यों में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जुलाई 2026 में डिपो ने 289 वैगनों का रूटीन ओवरहॉल कर अब तक का सर्वोच्च रिकॉर्ड बनाया। वहीं चालू वित्तीय वर्ष में औसत आरओएच आउटटर्न 240 वैगन रहा, जो पिछले वर्ष के 232 वैगनों की तुलना में अधिक है। इसके अलावा जुलाई 2026 तक 830 मालगाड़ियों (रैक्स) का यार्ड परीक्षण किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 765 रैक्स की तुलना में करीब 8.5 प्रतिशत अधिक है।सतना आधारित सीसी रैक्स की संख्या बढ़कर 109 हो गई है, जबकि पिछले वर्ष यह 84 थी, यानी लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं विशेष प्रीमियम रैक्स के परीक्षण की संख्या 99 से बढ़कर 219 हो गई, जो 121.21 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोतरी को दर्शाती है। रेलवे के अनुसार इन उपलब्धियों से अनुरक्षित एवं परीक्षणित माल डिब्बों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, जिससे माल लदान के लिए वैगनों की निर्बाध आपूर्ति संभव हो रही है।

## कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**नवभारत,जबलपुर।** कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा परियोजना जिला जबलपुर द्वारा वर्ष 2025-26 की कृषि गतिविधियों के आधार पर उत्कृष्ट किसानों से कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों द्वारा अपनाई गई उन्नत कृषि तकनीक एवं उच्च उत्पादकता के आधार पर प्रदान किए जाएंगे। परियोजना संचालक आत्मा के अनुसार जिले में विभिन्न कृषि गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों का चयन मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर किया जाएगा।

# हमारे बच्चे जेल में हैं, तुम अपने बच्चे को संभाल कर रखना

- कोर्ट केस में राजीनामा नहीं करने पर दूध विक्रेता को धमकी

**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत नेता कॉलोनी में कोर्ट केस में राजीनामा करने से मना करने पर एक दूध विक्रेता के परिवार को धमकी दी गई। जेल में बंद आरोपियों की तरफ से आई महिलाओं और उनके रिश्तेदारों ने पीड़ित पक्ष को कोर्ट के बाहर समझौता करने का दबाव बनाया। जब पीड़ित ने मना किया, तो आरोपी की पत्नी ने सीधी धमकी देते हुए कहा, हमारे बच्चे जेल में हैं, तुम अपने बच्चे को संभाल कर रखना।

पुलिस के मुताबिक नेता कॉलोनी निवासी ओम प्रकाश सिंह दूध विक्रेता हैं। साल 2025 में उनके और उनके भाई जयप्रकाश सिंह के साथ इलाके के ही प्रिंस पटेल, क्रिश रैकवार, कमलेश पटेल और प्रियांशु पटेल ने दो बार मारपीट की थी। इस मारपीट को लेकर अधारताल थाने में मामले दर्ज हैं। यह पूरा मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है और इसकी नियमित पेशी चल रही है। बीती रात करीब 09:35 बजे जब ओम प्रकाश सिंह अपने बड़े भाई संतोष सिंह के साथ घर के मुख्य गेट पर खड़े थे, तभी प्रिंस पटेल की मां अपने भाई के साथ धमकी भरे अंदाज में पहुंची।

उसने सीधे शब्दों में कहा कि वे लोग पुलिस केस में राजीनामा करने आए हैं। जब ओम प्रकाश और उनके भाई ने साफ मना करते हुए कहा कि मामला कोर्ट में चल रहा है, जो भी फैसला अदालत करेगी वही देखा जाएगा तो आरोपी की पत्नी बुरी तरह भड़क गई।

उसने तैश में आकर पीड़ित परिवार को डराते हुए कहा ठीक है, हमारे बच्चे तो जेल में हैं ही... तुम्हारा भी एक बच्चा है, उसे संभाल कर रखना। धमकी देने के बाद आरोपी महिला और उसका भाई मौके से फरार हो गए।

# जबलपुर रेल मंडल में स्वच्छता अभियान की गति तेज

- चार माह में 1,371 लोगों पर कार्रवाई




**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल में रेलवे परिसरों और ट्रेनों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। मंडल के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में नियमित साफ-सफाई कराई जा रही है, वहीं यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए भी विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। चालू वित्तीय वर्ष में 1 अप्रैल 2026 से 31 जुलाई 2026 तक स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत 1,371 मामलों में कार्रवाई की गई। इन कार्रवाइयों के माध्यम से रेलवे को 2.75 लाख रुपये से अधिक का राजस्व भी प्राप्त हुआ, जिससे यह स्पष्ट होता है कि स्वच्छता नियमों के पालन को लेकर मंडल प्रशासन सख्त रुख अपना रहा है।

### गंदगी नहीं फैलाएं

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में कचरा न फैलाएं तथा स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की सहभागिता से ही 'स्वच्छ रेल-स्वच्छ भारत' अभियान को सफल बनाया जा सकता है और रेलवे परिसरों को साफ, सुरक्षित एवं यात्री-अनुकूल बनाए रखा जा सकता है।

# अवैध गिट्टी व एम-सैंड परिवहन करते तीन डंपर जब्त



नवभारत, जबलपुर। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर खनिज विभाग ने अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध तिलवारा क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान बिना वैध इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजिट पास के गिट्टी एवं एम-सैंड का परिवहन करते पाए जाने पर तीन डंपर को जब्त किया गया। जब्त किए गए तीनों वाहनों को आगामी आदेश तक थाना तिलवारा की अभिरक्षा में रखा गया है। कार्यवाही के दौरान सहायक खनि अधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा तथा खनिज निरीक्षक शिवपाल चौधरी, विवेकानंद यादव सहित खनिज विभाग का अमला मौजूद रहा।

खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जब्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत प्रकरण तैयार कर नियमानुसार कार्यवाही के लिए सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# एचबीए चुनाव : स्क्रूटनी में सभी 75 नामांकन पत्र वैध

- आज नामांकन वापसी की अंतिम तिथि, इसके बाद घोषित होगी प्रत्याशियों की फाइनल सूची

**जबलपुर।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के चुनाव अंतर्गत बुधवार को स्क्रूटनी प्रक्रिया पूर्ण की गई। इसमें सभी 75 नामांकन वैध पाए गए। कुल 77 नामांकन क्रय किए गए थे, जिनमें से अध्यक्ष पद के दो दावेदारों ने नामांकन पत्र जमा नहीं किए। इस तरह अब मैदान में कुल 75 प्रत्याशी हैं। आज गुरुवार को नाम वापसी की अंतिम तिथि है। इसके बाद प्रत्याशियों की फाइनल सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। मतगदान 17 अगस्त को होगा। मुख्य चुनाव अधिकारी संजय सेठ, चुनाव अधिकारी हिमांशु तिवारी, राजकमल चतुर्वेदी, मनीष जैन, आशीष श्रीवास्तव, नितिन गुप्ता, सुधाकर मणि पटेल, एटी फरीदी, राकेश तिवारी, वंदना श्रोति ने आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश दिए हैं।

**अध्यक्ष पद के छह उम्मीदवार मैदान में-** हाईकोर्ट बार एसोसियेशन अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता मृगेन्द्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष संजय वर्मा व धन्य कुमार जैन, पूर्व सचिव परितोष त्रिवेदी, संपूर्ण तिवारी व शंभूदयाल गुप्ता के रूप में कुल छह प्रत्याशी मैदान में उतरे हैं। इस तरह छह कोणीय मुकाबले का समीकरण सामने है। नाम वापसी के बाद तस्वीर पूरी तरह साफ होगी। जबलपुर। हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस बीपी शर्मा की युगलपीठ ने राज्य सरकार के कर्मियों को नियुक्ति के पहले वर्ष से ही पूरा वेतन देने का आदेश दिया है।

**जनाक्रोश** | कर्मचारी संगठनों और नागरिकों ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

# मेडिकल यूनिवर्सिटी के विखंडन के विरोध में फूटा जनआक्रोश

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश के एकमात्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय को लेकर प्रस्तावित प्रशासनिक बदलाव के विरोध में जबलपुर में विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। कर्मचारी संगठनों एवं शहर के नागरिकों ने विश्वविद्यालय के विखंडन और इसके एक हिस्से को उज्जैन स्थानांतरित किए जाने की चर्चाओं पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे शहर के शैक्षणिक और चिकित्सकीय हितों के खिलाफ बताया है। उन्होंने चेतावनी दी है की यदि इस दिशा में कोई निर्णय लिया गया तो व्यापक जनआंदोलन छेड़ा जाएगा।

### जबलपुर के साथ लगातार हो रही उपेक्षा



जिला सचिव देवेन्द्र कुमार पचौरी ने विज्ञप्ति जारी कर कहा की जबलपुर को मिलने वाले महत्वपूर्ण संस्थानों और सुविधाओं को लगातार अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है। उनका आरोप है की इससे पहले मध्य प्रदेश विद्युत मंडल का मुख्य प्रशासनिक कार्यालय और अन्य महत्वपूर्ण कार्यालय भी शहर से बाहर किए गए तथा हवाई सेवाओं में भी कटौती हुई। अब प्रदेश के एकमात्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के विखंडन की चर्चा से लोगों में असंतोष व्याप्त है।

### 2011 में हुई थी विश्वविद्यालय की स्थापना

गौरतलब है की प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों को एकीकृत शैक्षणिक व्यवस्था प्रदान करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम-2011 के तहत जबलपुर मेडिकल कॉलेज परिसर के समीप विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी। इसका शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं तत्कालीन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया था। विश्वविद्यालय में हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यमों में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है।

### विश्वविद्यालय को यथावत बनाए रखने की मांग

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर विश्वविद्यालय को यथावत जबलपुर में बनाए रखने की मांग की है। जारी विज्ञप्ति में कहा गया है की प्रदेश के इस महत्वपूर्ण संस्थान का विखंडन न केवल जबलपुर बल्कि पूरे महाकौशल क्षेत्र के हितों के प्रतिकूल होगा।

# पटवारी संघ की क्रमिक भूख हड़ताल शुरू

- मांगें पूरी होने तक आंदोलन रहेगा जारी



**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ, जिला शाखा जबलपुर द्वारा अपनी लंबित एवं न्यायोचित मांगों के समर्थन में चल रहे अनिश्चितकालीन आंदोलन के अंतर्गत बुधवार से क्रमिक भूख हड़ताल प्रारंभकर दी गई है। विदित हो कि प्रदेश स्तरीय हड़ताल के चलते पटवारियों की मुख्य मांगे ये है कि सभी पटवारियों के प्रमोशन किए जाएं और प्रदेश के साथ जबलपुर में कैडर रिव्यू लागू किया जाए।

भूख हड़ताल के प्रथम दिवस विवेक कुमार जैन क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब तक शासन पटवारियों की वर्षों से लंबित मांगों, विशेषकर कैडर रिव्यू सहित अन्य मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेता, तब तक यह क्रमिक भूख हड़ताल निरंतर जारी रहेगी।

### शासन ने की लंबे समय से उपेक्षा

पटवारी संघ ने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा लगातार उपेक्षा किए जाने के कारण पटवारियों को यह आंदोलन करने के लिए विवश होना पड़ा है। संघ ने प्रदेश सरकार से शीघ्र वार्ता कर मांगों का समाधान करने की अपील की है, ताकि राजस्व व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके। इस दौरान बड़ी संख्या में पटवारी साथियों ने धरना स्थल पर उपस्थित होकर भूख हड़ताल पर बैठे साथी का समर्थन किया और आंदोलन को पूरी एकजुटता के साथ सफल बनाने का संकल्प लिया।